'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 10 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए सोमवार, 25 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# कांग्रेस ने मेवात को पिछड़ा बनाया, भाजपा ने मेवात में विकास कराकर पिछड़े होने का लेबल हटाया : नायब सैनी

**आम आदमी पार्टी पर सीएम सैनी ने कसा तंज, कहा- कट्टर ईमानदारी का चौला पहनने वाले भ्रष्टाचार में जा रहे हैं जेल**

**कांग्रेस की गलत नीतियों का खामियाजा युवाओं ने भुगता, जबकि भाजपा ने योग्यता के आधार पर युवाओं को दी नौकरियां : नायब सैनी**

**प्रधानमंत्री मोदी ने पिछड़े जिलों को विकास की मुख्यधारा में लाने का काम किया : सीएम सैनी**

**तावडू में विजय संकल्प रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर गदगद हुए मुख्यमंत्री**




समाचार गेट/अनिल मोहनियां


नूंह। तावडू में विजय संकल्प रैली में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जिस मेवात पर पहले की सरकारों ने पिछड़ा होने का लेबल लगा दिया था, भाजपा सरकार में आज वही मेवात का इलाका तेजी से विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी सरकारों की अनदेखी के कारण मेवात पिछड़ा जिला बन गया था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पिछड़े जिलों पर विशेष ध्यान दिया और इन जिलों में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए।

तावडू की अनाज मंडी में स्थानीय विधायक एवं नव नियुक्त मंत्री संजय सिंह द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी घेरा। मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि नौकरियों में कांग्रेस की गलत नीतियों का खामियाजा हरियाणा के युवाओं ने भुगता है और कट्टर ईमानदारी का चौला पहनने वाले अब जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को एतिहासिक जीत के साथ संसद भेजने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और किसानों को उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदने का भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार तावडू पहुंचे नायब सिंह का मंच पर पहुंचते ही बड़ी फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को गदा भेंट की। मंच पर महाराज धर्मदेव, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, विधायक दीपक मंगला, सत्यप्रकाश जरावता, चौ. जाकिर हुसैन, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा की...

(शेष पेज 7 पर)






# जल–संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक घंटे में सबसे ज्यादा हैंडप्रिंट पेंटिंग के लिए शिव नादर स्कूल ने नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (TM) का ख़िताब अपने नाम किया

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पर्यावरण के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू की गई अनोखी पहल के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए, शिव नादर स्कूल के 2232 छात्रों एवं शिक्षकों ने शिव नादर स्कूल, फ़रीदाबाद में 14 मार्च, 2024 को एक घंटे में सबसे अधिक संख्या में हैंडप्रिंट पेंटिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का ख़िताब जीता। यह विश्व रिकॉर्ड इस बात को दर्शाता है कि, यह स्कूल पर्यावरण की हिफाज़त करने के साथ-साथ बच्चों को शुरुआत से ही प्रकृति को बचाने और उसकी सुरक्षा करने के बारे में संवेदनशील बनाने के अपने संकल्प पर कायम है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने श्व1द्रह4क्षह्मश्चक्षह्मशह्वह्लद्बद्य की शपथ ली, जो शिव नादर स्कूल की जिम्मेदारी के बुनियादी सिद्धांत और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के लक्ष्य-6: सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता की उपलब्धता और उसका टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करने के अनुरूप है। इस विशाल हाथ के निशान वाली पेंटिंग बनाकर, छात्रों ने व्यक्तिगत कार्यों की सामूहिक शक्ति को दर्शाया है। यह इस संदेश को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने का एक प्रयास है कि जल एक महत्वपूर्ण संसाधन है और इसका संरक्षण आवश्यक है। स्कूल द्वारा शुरू की गई इस पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम में कर्नल (रिटायर्ड) गोपाल करुणाकरण, सीईओ, शिव नादर स्कूल; मिस आरती डावर, डिप्टी सीईओ, शिव नादर स्कूल; मिस अंजू वाल, डायरेक्टर प्रिंसिपल, शिव नादर स्कूल, फ़रीदाबाद; मिस अंजू सोनी, प्रिंसिपल, शिव नादर स्कूल, नोएडा; मिस मोनिका सागर, डायरेक्टर प्रिंसिपल, शिव नादर स्कूल, गुरुग्राम; मिस वंदना मार्दा, डायरेक्टर ब्रांड एंड कम्युनिकेशन, शिव नादर स्कूल; और श्री ऋषि नाथ, आधिकारिक निर्णायक, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मिस गुल पनाग ने किया, जिन्हें उनकी विभिन्न भूमिकाओं के लिए जाना जाता है – एक अभिनेत्री, मॉडल, एक्टिविस्ट, और उद्यमिता जो शिक्षा, पर्यावरणीय मुद्दों, और आपदा प्रबंधन पर काम करती हैं – एक सतत जीवन के प्रशंसक।




इस अवसर पर मिस गुल पनाग ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने और यह बेमिसाल उपलब्धि हासिल करने के लिए शिव नादर स्कूल के छात्रों को बधाई देते हुए कहा, इस आयोजन का हिस्सा बनना मेरे लिए सचमुच बड़ा रोमांचक अनुभव था, जिसकी सबसे खास वजह है यह है कि इसका आयोजन जल संरक्षण जैसे बेहद नेक काम के लिए किया गया था। मेरी राय में, बच्चों में सच्चा बदलाव लाने के लिए उन्हें कम उम्र से ही जगाना होता है। बचपन में ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का बीज डालकर हम हर बच्चे को इस काबिल बनाते हैं कि, वह आगे चलकर बदलाव ला सके। शिव नादर स्कूल ने इस दिशा में एक ऐसा बेंचमार्क बनाया है, जिसकी कोई तुलना नहीं है। इसमें दो राय नहीं है कि छात्र इस अनमोल सीख को अपने साथ घर ले जाएंगे। अब, समुदाय के भीतर इन सिद्धांतों को बनाए रखने और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी को निभाते हुए मुहिम को बढ़ावा देने का दायित्व माता-पिता के कंधों पर है। हम केवल कल्पना ही कर सकते हैं कि अगर ऐसी सीख हमें भी स्कूल के दिनों में दी जातीं, तो कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ता; शायद चीजें अलग होतीं।

कर्नल (रिटायर्ड) गोपाल करुणाकरण, सीईओ, शिव नादर स्कूल, ने कहा, इस बात का अनुमान है कि, आने वाले कुछ सालों के भीतर कई क्षेत्रों में दुनिया की आधी आबादी को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ेगा। हमें इस अनमोल संसाधन की हिफाज़त करने और दोबारा उपयोग में लाने के नए तरीकों को ढूंढने की जरूरत है, ताकि पानी हर किसी के लिए उपलब्ध हो सके। भारत और दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है कि, हम बच्चों को पर्यावरण और हमारे प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील बनाएँ। शिव नादर स्कूल ने हमेशा से ही सस्टेनेबिलिटी पर विशेष ध्यान दिया है। मेरा मानना है कि, शिक्षा न केवल निजी तरक्की के साधन की तरह काम करती है, बल्कि समाज में बदलाव को प्रोत्साहित करने में भी अहम भूमिका निभाती है। हमारे हर छात्र ने आज जो शपथ ली है, उसमें इस बात की झलक दिखाई देती है कि हम सभी का वजूद एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। यह शपथ सिर्फ वादे से कहीं बढ़कर है; यह धरती की देखभाल करने वाले के रूप में हम सबकी साझा ज़िम्मेदारी के जागरूकता का प्रतीक है। छात्रों को संबोधित करते हुए, डिप्टी सीईओ, मिस आरती डावर ने कहा, आज हम निकट भविष्य में बेहद गंभीर जल-संकट के कगार पर खड़े हैं। समय की मांग यही है कि अब पानी की हिफाज़त की जाए। हर बूँद मायने रखती है के शपथ में भाग लेकर हमने इतिहास रचा है, साथ ही हम पानी का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने और अनगिनत जिंदगियाँ बचाने की दिशा में कार्रवाई के लिए जोरदार तरीके से आवाज़ उठाते हुए लोगों को प्रेरित करने के इरादे से एकजुट होकर खड़े हैं। यहाँ हममें से प्रत्येक व्यक्ति बदलाव लाने वाला है, और आज हम जल संकट की चुनौतियों को हल करने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी को पहचान रहे हैं। हमारी शपथ, सही मायने में जल संरक्षण की दिशा में हमारे सफ़र और आंदोलन की शुरुआत है।

### सस्टेनेबल भविष्य के लिए रिकॉर्ड तोड़ना

यह आयोजन वास्तव में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए जोश व उत्साह से भरा उत्सव था। 2,500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने साथ मिलकर हैंडप्रिंट पेंटिंग के ज़रिये एक शानदार कलाकृति तैयार की, जिनमें छात्रों और शिक्षकों के अलावा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथि भी शामिल थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक द्वारा आधिकारिक रिकॉर्ड के लिए इस प्रयास की बारीकी से निगरानी की गई, तथा सख्त नियमों और दस्तावेज़ीकरण प्रक्रियाओं का पालन किया गया। कुदरत की याद दिलाने वाले रंगों में पानी, समुद्र और आकाश की झलक दिखाने वाले नीले और हरे रंग को चुना गया, जो सुपर-वॉशेबल होने के साथ-साथ बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं, जो शिव नादर स्कूल के विविध रंगों को दर्शाते हैं। शिव नादर स्कूल में ब्रांड एंड कम्युनिकेशन डायरेक्टर, वंदना मार्दा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ दिन का समापन हुआ, जिन्होंने कहा कि हम एक ऐसा समुदाय हैं जो जिम्मेदारी और अपनी धरती के प्रति सामूहिक प्रेम की गहरी भावना से एकजुट हैं। उन्होंने यह भी कहा कि, यह बेमिसाल सफ़र इस बात की याद दिलाता है कि, जब हम किसी नेक इरादे और जुनून से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं तो हम क्या हासिल कर सकते हैं। यह उपलब्धि सभी के समर्पण, जुनून और दृढ़ संकल्प के बिना हासिल नहीं की जा सकती थी। शिव नादर स्कूल सस्टेनेबिलिटी से जुड़े तौर-तरीकों को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है, और इसके प्रयासों को कई बार सराहना मिली है। अत्याधुनिक वॉटर-प्युरीफिकेशन सिस्टम को इंस्टॉल करने और समय-समय पर पानी की गुणवत्ता की जाँच करने सहित विभिन्न पहलों यह बात जाहिर होती है कि, स्कूल जल संरक्षण के अपने संकल्प पर अटल है। इन सब बातों के अलावा, स्कूल वर्कशॉप तथा इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स के ज़रिये भी अपने छात्रों को जल संरक्षण के बारे में शिक्षित करता है। स्कूल डुअल फ्लशिंग सिस्टम और वर्षा जल संचयन-प्रक्रिया जैसे उपायों को अपनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा देता है, और इस तरह पर्यावरण के स्थायित्व में अहम योगदान दे रहा है।

# आरडब्लूए एसी नगर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पुहंच कृष्णपाल, सीमा, अजय और नरेन्द्र गुप्ता

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** होली के पावन पर्व के अवसर पर आरडब्लूए एसी नगर के प्रधान दिनेश बंसवाल,उपप्रधान बशारत हुसैन,महासचिव दीपक कुमार,कोषाध्यक्ष तेजप्रकाश व अन्य सदस्यों द्वारा नीलम बाटा रोड़ पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर विशिष्ठ अतिथि हरियाणा सरकार में मंत्री श्रीमति सीमा त्रिखा,मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड,विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने लोगों पर फूल बरसाकर उन्हें होली की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए चौ. कृष्णपाल गुर्जर,सीमा त्रिखा, अजय गौड और नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भारत देश त्योहारों का देश है, यहाँ भिन्न जाति के लोग भिन्न भिन्न त्यौहार को बड़े उत्साह से मनाया करते है और इन्ही त्यौहार में से एक त्यौहार है होली। उन्होनें कहा कि होली विभिन्न प्रकार के रंगों से खेली जाती है उसी तरह लोगों के जीवन में भी खुशियां के सभी रंग भर जाएं। उन्होनें कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते है कि फरीदाबाद क्षेत्र के लोग स्वस्थ रहे और वे इसी तरह देश और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहें। इस मौके पर दिनेश बंसवाल ने कहा कि होली का त्यौहार हमें आपसी प्रेम भावना सिखाता है। हमें आपसी वैर भाव मिटाकर रंगो की बजाए फूलों से होली खेलनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता ओमप्रकाश रक्षवाल, वजीर सिंह डागर, पंकज पूजन रामपाल, कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल, राकेश मौर्या, दिनेश बंसवाल, बशारत हुसैन, दीपक कुमार, अशोक कपूर, तेज प्रकाश, सचिव नवीन, इमरान, अश्विनी गुप्ता, राकेश, धर्मेंद, चिंटू, जॉनी, नेत्रपाल, जोगिंदर, सुनील कुशवाहा, सुनील गुप्ता, विर्जेदर शर्मा अनिल बघेल, गजेसिंह, राकेश बंसवाल, सपन पाल, अजीत, सुमित, रजत, जोगिंदर चौहान, इत्यादि उपस्थित थे।

# फरीदाबाद आयॅरन एण्ड स्टील ट्रेड्रस एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद आयॅरन एण्ड स्टील ट्रेड्स एसोसिएशन (फिस्टा) का होली मिलन समारोह सेक्टर-12 सेंट्रल पार्क में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। फिस्टा के प्रधान सीपी कालरा, उपप्रधान मुकेश बंसल, महासचिव राकेश गुप्ता, संयुक्त सचिव देवेन्द्र गर्ग, कोषाध्यक्ष रिन्कू बंसल व कार्यकारिणी सदस्य अमन गुप्ता, अंकुर गोयल,भारत कालरा, बीएस देशवाल, सूयाश लोहिया व विवेक बंसल ने आए हुए सभी व्यापारियों का स्वागत चन्दन का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा करके किया और होली की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि होली का त्यौहार हमें आपसी प्रेम भावना सिखाता है। हमें आपसी वैर भाव मिटाकर रंगो की बजाए फूलों से होली खेलनी चाहिए। सीपी कालरा, मुकेश बंसल, राकेश गुप्ता, देवेन्द्र गर्ग और रिन्कू बंसल ने कहा कि होली का त्यौहार सभी भाईयों व उनके परिवार को अपार खुशियां दे और वे दिन दुनी रात चौगनी उन्नति करें। उन्होनें कहा कि आज हम सभी व्यापारियों भाईयों को प्रण करना है कि इस होली हमें पानी की बर्बादी नहीं करनी है और बच्चों को भी पानी बचाने के लिए जागरूक करना है। इस मौके पर गायक मण्डली सोनू कालरा इंटरटेनमेंट ने होली के गीत गाकर वहां उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## श्री राधे मित्र मंडल ने किया होली महोत्सव का आयोजन



समाचार गेट ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ की ओर से रविवार को शिव मंदिर चावला कॉलोनी में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा रानी की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वीना गुप्ता, अनुराधा शर्मा, देवेंद्र होलकर व अंजू रोक्का ने होली के भजन व रसिया सुनाकर महिलाओं को खूब आनंदित किया। इस अवसर पर शिव मंदिर के पुजारी आचार्य प्रेम प्रकाश कटारा ने होली के महत्व का वर्णन किया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल, कांग्रेस नेत्री पराग शर्मा, बीजेपी नेत्री गायत्री देवी, सुमित गर्ग प्रधान आरडब्लूए, हरिकृष्ण मंगला, हरिओम गर्ग, मनीष जैन, दीपक सिंगला, मनीष गोयल, विपिन जिंदल, हर्ष मंगला, शिवम वर्मा, संदीप गर्ग, ईशान श्वेता व कोमल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का कार्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत



समाचार गेट ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मंत्रालय मिलने के बाद चंडीगढ़ से रविवार को सेक्टर-8 फरीदाबाद अपने कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उद्योग मंत्रालय सहित अन्य भारी भरकम विभाग मिलने पर कैबिनेट मंत्री को बधाई दी साथ ही होली के पावन पर्व पर भी उन्हें शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कार्यालय आने वाले सभी लोगों को मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की बल्लभगढ़ की जनता का अहसान वह कभी नही भूलेंगे। उन्होंने कहा की बल्लभगढ़ की जनता द्वारा दी गई पगड़ी और हरियाणा सरकार के द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर कभी दाग नही लगने देंगे। उद्योग मंत्रालय मिलने पर फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज के उद्योगपतियों ने मंत्री को शॉल भेंट कर स्वागत स्वागत किया और बधाई दी। मूलचंद शर्मा ने कहा की सरकार के द्वारा दिए गए सभी मंत्रालय में बेहतर कार्य करेंगे। जिसका लाभ आमजन को मिलेगा। कार्यकर्ताओं ने होली के पर्व और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को नए विभाग मिलने पर ढोल बाजे की धुन पर नाच कर खुशी मनाई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दी जिला वासियों को होली पर्व की बधाई

## कहा, आपसी भाईचारे और सभ्य तरीके से मनाएं रंगोत्सव का त्योहार

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद जिला वासियों को होली व रंगोत्सव पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि वे रंगों के इस पावन पर्व को आपसी प्यार-प्रेम व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए। वहीं आमजन रंगों से सराबोर इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाते हुए एकजुटता का सकारात्मक व सार्थक संदेश समाज को दें। उन्होंने कहा कि होली के साथ-साथ पूरा देश लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व को भी मना रहा है इसलिए हमें जिला में मतदान के प्रति भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है ताकि लोग अपने मत का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कर सकें। हमें इस पर्व पर अपने मनमुटाव को दूर कर इसे सभ्य तरीके से मनाना चाहिए। इसके साथ ही आमजन पानी का महत्व समझते हुए इसका बचाव करें और रंगोत्सव के पर्व पर पानी को व्यर्थ न बहाएं। वहीं होली पर युवाओं में हुड़दंगबाजी का क्रेज रहता है, उन्हें इससे बचना चाहिए। उन्होंने ने आमजन से पानी की बजाए सूखी होली खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली व रंगोत्सव पर्व पर स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। ऐसे में अभिभावक यह ध्यान रखें कि बच्चे गुणवत्ता वाले हर्बल गुलाल का प्रयोग करें, रंग खेलने से पहले शरीर पर क्रीम अथवा नारियल तेल लगाएं तथा शरीर को ढक कर रखें। होली खेलने उपरांत रंगों को साफ करने के लिए किसी भी प्रकार के रसायन का प्रयोग न करें और किसी भी तरह की एलर्जी अथवा जलन हो तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। उन्होंने जिला के नागरिकों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व हमे यही संदेश देता है कि सबके जीवन में खुशियों के रंग भरे रहें और समाज में परम्पराओं का निर्वहन करते हुए इन त्योहारों की प्रासंगिकता बनी रहे।

## सांईराम आसरा ट्रस्ट ने मनाया होली मिलन



समाचार गेट ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** सांई राम आसरा ट्रस्ट की ओर से रविवार को भाटिया कॉलोनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस कार्यक्रम में किसान संघर्ष समिति के चेयरमैन एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ट ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। होली देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष एडवोकेट राखी चौहान, सरोज, सुमन, राजकुमारी, संजय चौहान, लोकेश, रितु, अनिता व अर्चना सहित अन्य मौजूद रहे।

## शहीदों की कुर्बानियों को कभी भूलाया नहीं जा सकता : आजाद सिंह

समाचार गेट/सतीश खतरी

**सिवानी मंडी।** शहर के भवन निर्माण संगठन कार्यालय में विभिन्न सामाजिक,मजदूर और किसान संगठनों ने शहीदी दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित सेमिनार में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीराम सिवाच ने मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत की। सेमिनार में पहुंचे सभी गणमान्य व्यक्तियों ने शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सेमिनार को संबोधित करते हुये मजदूर नेता आजाद सिंह मिराण ने कहा की देश को आजाद कराने के लिये जो कुर्बानियां देश के शहीदों ने दी है उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता। और आजादी के जिस वृक्ष की छांव का आनंद हम ले रहे हैं,यह आजादी आसानी से नहीं मिली थीं बल्कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे अनेकों शहीदों ने अपनी शहीदी देकर हासिल की थी। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए यही हमारे देश के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान किसान नेता दयानंद पूनियां, बार एसोसिएशन प्रधान सुधीर श्योराण, मजदूर नेता सुखबीर सिंह, कुलदीप बड़वा, सुरेश बड़वा, सुशील फौजी, हितेश गुढा, कुलदीप खेड़ा, विक्रम गैंडावास, धर्मवीर दुहन, साधुराम रुपाणा, साक्षी और दीपक बड़वा आदि मौजूद थे।

# सीमा त्रिखा के मंत्री बनने से फरीदाबाद के विकास को और मिलेगी गति : रंजीत रॉवल

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के पूर्व सह-मीडिया प्रभारी रंजीत रॉवल ने बडखल की विधायक सीमा त्रिखा को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मिलने को फरीदाबाद के लिए शुभ संकेत माना है।

उन्होंने कहा कि सीमा के मंत्री बनने से फरीदाबाद के विकास को और अधिक गति मिलेगी क्योंकि सीमा त्रिखा एक उच्च शिक्षित व्यक्तित्व की धनी है तथा उन्हें समाज के हर वर्ग का अच्छी प्रकार से ज्ञान है। उन्होंने नवनियुक्त मंत्री के निवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल सहित केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई दी है। भाजपा नेता रंजीत रॉवल ने कहा कि भाजपा शासनकाल के दस साल बेमिशाल साबित हुए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से फरीदाबाद जिले में विकास कार्यो को नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं तथा जिले का अभूतपूर्व विकास हुआ है। हाईवे व सडकों का जाल बिछाकर दिल्ली और नोएडा को बेहतर कनेक्टिविटी दी गई है जिससे कि यहां उद्योग व व्यापार और अधिक बढ़ सके।

उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय नीति के आधार पर चलते हुए सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रही है। जिससे कि हर वर्ग को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर भी रिकार्ड मतों से विजय होगी क्योंकि यहां के लोगों के दिल में कृष्णपाल गुर्जर कूट-कूटकर भरे हैं और इसपर सोने पे सुहागा सीमा त्रिखा के मंत्री बनने से होगा।

## संपादकीय


### होली एक अवसर है!



कृष्णा शर्मा
संपादक

यह एक अवसर है जब सामाजिक बंधनों को मजबूत किया जाता है। लोग एक-दूसरे के साथ खुशियों को साझा करते हैं और समृद्धि के लिए एक-दूसरे की शुभकामनाएं देते हैं। यह एक अवसर है जब लोग विविधता का सम्मान करते हैं और एक-दूसरे के साथ भाईचारे का महत्व समझते हैं। इस अद्भुत त्योहार के माध्यम से, होली की शुभकामनाएं और संदेश भेजकर लोग अपने प्यार और आदर का इजहार करते हैं। यह एक अवसर है जब लोग अपने प्रियजनों को शुभकामनाएं और विशेष संदेश भेजते हैं ताकि वे अपने दिल की बातें व्यक्त कर सकें। होली का यह पारंपरिक उत्सव हमें आपसी सम्बन्धों का महत्व और प्यार के मूल्य को समझाता है। आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं!

### प्यार और समर्पण के भाव से आगे बढ़ें!



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

होली के जीवंत रंग आपके जीवन को आनंद और हंसी से भर दें, आपको मौज-मस्ती और खुशियों से भरे दिन की शुभकामनाएं! मैं भगवान नरसिम्हा से प्रार्थना करता हूं कि वह आपको और आपके परिवार को जीवन में सभी अच्छी चीजों का आशीर्वाद दें। इस पर्व के महत्व को समझने के लिए, होली का मूल अर्थ समर्पण और एकता में व्यक्त होता है। यह एक अवसर है जब लोग अपने दुख-सुख, खुशियों और दुखों को साझा करते हैं और एक-दूसरे के साथ खुशियों का साथ देते हैं। होली के दिन, लोग अपने गलतियों को माफ करते हैं, नई शुरुआतें करते हैं और प्यार और समर्पण के भाव से आगे बढ़ते हैं। इस शुभ अवसर पर, मुझे आशा है कि आपका जीवन ढेर सारी खुशियों के चमकीले रंगों में रंग जाएगा, आपका घर खुशियों और हंसी से भरा रहे, समस्त पाठकों, विज्ञापन दाताओं और निकट सहयोगियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं!

### सब मिलजुल कर मनाएं होली का पर्व



विनोद मित्तल
हरियाणा स्टेट हेड
समाचार गेट

आप सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और सहयोगियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आप सभी मिलजुल कर रहें और देश की एकता व अखंडता को मजबूती प्रदान करें। होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हिन्दू धर्म के लोग पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सभी लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। होली रंगों और खुशियों का त्योहार है। होली का त्योहार विश्व भर में प्रसिद्ध है। होली का त्योहार भारत के साथ-साथ नेपाल, बांग्लादेश, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा जैसे कई देशों में भी प्रसिद्ध है। इस त्योहार को सभी वर्गों के लोग मनाते हैं। होली में ऐसी शक्ति है कि वर्षों पुरानी दुश्मनी भी इस दिन दोस्ती में बदल जाती है। इसीलिए होली को सौहार्द का त्योहार भी कहा गया है। आप सभी से मेरा बस इतना कहना है कि आप सभी प्रकार के मनभेद और मतभेद भुलाकर आपसी भाईचारा और सौहार्द को बढ़ाएं जिससे देश में अमन, चैन, सुख-शांति का वातावरण और मजबूत हो।


VAISHALI PROPERTIES
DEALS IN :ALL HSVP SECTORS FARIDABAD
PLOT NO .934, SECTOR-64 NEAR 64-65 DIVIDING,BALLABGARH,FARIDABAD
RAMESH AGGARWAL 9810772292

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269


## होली की हार्दिक शुभकामनाएं











Gupta Ji NU M: 9711733045
NAND UTSAV
BANQUET HALL
GSTIN: 06HYPG0469Q2ZG
नन्द उत्सव
बैंक्वेट हॉल







# जयहिंद ने 36 बिरादरी के भाईचारे के साथ होली मनाई

**हजारों लोगों ने ग्रहण किया भोलेनाथ के देशी घी के भंडारे का प्रसाद**

**दादा दुलीचंद भी पहुंचे नवीन जयहिंद के होली मिलन समारोह में**

**युवा त्यौहार पर दारू पी कर न चलाए गाड़ी : जयहिंद**



समाचार गेट ब्यूरो

**रोहतक।** रविवार 24 मार्च को नवीन जयहिंद और उनके साथियों ने रोहतक के सेक्टर 6 स्थित टेंट में होली और भोलेनाथ का देसी घी का भंडारा आयोजन किया। इस अवसर पर नवीन जय हिंद और उनके साथियों ने गौरी गाय और उसके बछड़े के साथ भी होली खेली।

भोलेनाथ के देसी घी के भंडारे में हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे और नवीन जयहिंद का तन मन धन से साथ देने और संघर्ष में हमेशा साथ खड़े होने की बात कही।

जयहिंद ने इस मौके पर पत्रकार साथियों से बातचीत में कहा कि होली का त्यौहार है भाईचारे और आपसे प्यार प्रेम का त्यौहार है। वह प्रदेश की प्रगति, विकास समृद्धि व सुख शान्ति की कामना करते हैं।

जयहिंद ने युवाओं से अपील इस मौके पर युवा किसी भी तरीके की ऐसी हरकत ना करें जिससे कानून और सामाजिक व्यवस्था बिगड़े। साथ ही शराब पी वाहन न चलाएं। भाईचारे के साथ इस त्यौहार को गुलाल और पानी के साथ हंसी-खुशी मनाएं।


**102 वर्षीय दादा दुलीचंद पहुंचे नवीन जयहिंद के होली मिलन समारोह में**

प्रदेश में लाखों बुजुर्गों, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन बनवाने वाले दादा दुलीचंद भी नवीन जयहिंद को होली की बधाई देने होली मिलन समारोह में पहुंचे और भोलेनाथ के भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दादा दुलीचंद ने नवीन जयहिंद और उनके साथियों को आशीर्वाद दिया और प्रदेश के युवाओं को समाज की सभी बुराइयों को खत्म करने और अपने आप को एक अच्छा इंसान बनाने की अपील की।

# दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार व मुकरारीदार अधिनियम 2010 पर लगी हाई कोर्ट की मुहर, हुड्डा ने फैसले का किया स्वागत

**कहा- विभिन्न वर्गों को भूमि का मालिकाना हक दिलवाने के लिए कांग्रेस ने बनाया था कानून**

**कांग्रेस ने किया सर्वसमाज का हित, भूमि सुधारों के लिए कोर्ट ने की हमारे कानून की प्रशंसा- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हाई कोर्ट के उसे फैसले का स्वागत किया है, जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए भूमि सुधार कानून को मान्यता दी है। दरअसल, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में विभिन्न वर्गों को भूमि का मालिकाना हक देने के लिए कांग्रेस सरकार ने दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार और मुकरारीदार अधिनियम 2010 लागू किया था। इसकी संवैधानिक मान्यता को लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने बरकरार रखा है। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने कहा कि सर्वसमाज का हित कांग्रेस की नीति रही है। इसी उद्देश्य से कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बनाए गए भूमि सुधार कानून पर हाई कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी है। कांग्रेस के बनाए गए इस कानून को कोर्ट में चुनौती दी गई थी। लेकिन भाजपा सरकार की इसे लागू करने की शुरू से ही मंशा ठीक नही थी इसलिए संशोधन करती रही।

यही वजह है कि कांग्रेस के फैसले को गरीबों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के हक़में बीजेपी सरकार लागू नही करवा पाई। हुड्डा ने कोर्ट का आभार व्यक्त किया। क्योंकि माननीय न्यायालय ने ना सिर्फ इस कानून को वैधानिक करार दिया है बल्कि इसकी प्रशंसा भी की है। कोर्ट का कहना है कि कृषि सुधारों का उत्कृष्ट संवैधानिक उद्देश्य इस कानून के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

इसके उद्देश्यों और कारणों को पढ़ने से स्पष्ट हो जाता है कि इस कानून को ने कृषि सामंतवाद की प्रथा को समाप्त किया। यह आवश्यक रूप से एक प्रशंसनीय कृषि सुधार है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'इंडिया' गठबंधन का 31 मार्च को रामलीला मैदान में महारैली करने का ऐलान



**गोपाल राय ने कहा वे रैली के लिए स्थानीय अधिकारियों से अनुमति मांगेंग, अगर हमें अनुमति नहीं मिली तो यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक होगा**

समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली, 24 मार्च।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'इंडिया' गठबंधन रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित करेगा । एक संयुक्त प्रेस वार्ता में दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने इसकी जानकारी दी । गोपाल राय ने कहा, पूरे देश ने देखा कि कैसे अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया था । जो लोग हमारे सॉविधान संगठनों से प्यार करते थे, वे अब गुस्से में हैं, झारखंड के मुख्यमंत्री को भी गिरफ्तार किया, चाहे बिहार में तेजस्वी यादव हो, सबके ऊपर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं. आम आदमी पार्टी के मुख्यालय को सील कर दिया है वो भी तब जब आचारसंहिता लगी हुई है।गोपाल राय ने कहा दिल्ली में एक तरफ केजरीवाल गिरफ्तार हैं, तो दूसरी तरफ पूरी दिल्ली किले में तब्दील हो गई है । केजरीवाल के परिवार को नजरबंद कर दिया गया. हर व्यापारी जो चंदा नहीं देगा उसपर केस होगा, जो आवाज उठाएगा उससे जेल में डाल देंगे, 31 तारीख को 10 बजे एक महा रैली इंडिया गठबंधन द्वारा राम लीला मैदान में आयोजित की जा रही है. राय ने कहा कि वे रैली के लिए स्थानीय अधिकारियों से अनुमति मांगेंगे. अगर हमें अनुमति नहीं मिली तो यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक होगा. ।

प्रेस वार्ता में दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने भी बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा क्या यह लोकतंत्र है? आप निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार कर रहे हैं, भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के खाते जब्त कर रहे हैं ।हमारे नेता राहुल गांधी ने लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई छेड़ी है. कांग्रेस इस बिंदु पर पीछे नहीं हटेगी।

सीपीएम नेता राजीव कुंवर ने कहा कि भारत के सभी सहयोगी दलों के नेता 31 मार्च को एक साथ आएंगे । हम दिल्ली के लोगों से अपील करते हैं, हम लोकतंत्र पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

# श्री गौड़ ब्राह्मण सभा प्रधान ने सभा के लिए खरीदा भूखंड, होली मिलन समारोह में रामविलास शर्मा ने बधाई दी



समाचार गेट ब्यूरो

**नारनौल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा स्थानीय एबीएम स्कूल के प्रांगण में रविवार को सर्व समाज होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व मंत्री विधायक ओमप्रकाश यादव ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कैलाशचंद, सुधीर शर्मा, रविंद्र सिंह तथा डा. मनीष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कार्यक्रम पधारे सभी समाज के लोगों को होली की बधाई दी। उन्होंने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा नए भवन के लिए भूखण्ड खरीदने पर सभा के प्रधान राकेश मेहता को भी बधाई दी। होली महोत्सव की शोभा बढ़ाते हुए पूर्व सरपंच राजकुमार, राज्य अवॉर्डी प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, नांगल चौधरी से प्रमोद वत्स ने होली पर अपने गीत सुनाए तथा महेन्द्र सिंह उर्फ झंडू व रजनी जांगड़ा ने गीत संगीत व अपने हास्य चुटकुलों के माध्यम से सभी का खूब मनोरंजन किया। पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा ने डफ के साथ सुंदर होली का भजन प्रस्तुत किया। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, रवींद्र सिंह, सोहना के सुधीर शर्मा, जेजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, पूर्व चेयरमैन गोविन्द भारद्वाज ने भी अपने छोटे गीतों के माध्यम से सभी को होली की बधाई व आपसी प्रेम और भाई चारे को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम सुंदर मंच संचालन कर रहे पंकज गौड़ ने सभी का स्वागत अपनी कविताओं के माध्यम से किया।

अंत में कार्यक्रम को संबोधित करते गौड़ सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने कहा कि ब्राह्मण समाज सभी को साथ लेकर चलने वाला समाज है और इसी कारण होली पर यह सर्व समाज का कार्यक्रम आयोजित कर सभी को प्रेम व भाईचारे से रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में महेंद्रगढ़ से प्रधान सुधीर दीवान व नांगल चौधरी से वैध राधेश्याम को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रामानंद अग्रवाल, पूर्व बाल अधिकारी विपिन शर्मा, पुष्करमल वर्मा, दुलीचंद शर्मा, अर्जुन लाल शर्मा, प्रगतिशील ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा, भीमसेन शर्मा, मा. किशनलाल शर्मा तथा सुरेश शर्मा कांवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जजपा लोकसभा प्रभारी बोले— राव बहादुर सिंह का साथ दें तो टिकट के लिए ठोक कर रखूं पक्ष

## जजपा जिला कार्यकर्ता होली कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी, कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत करने का किया वायदा



समाचार गेट ब्यूरो

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी का भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से प्रभारी एवं दादरी के पूर्व विधायक राजदीप फौगाट को नियुक्त किया है। वह रविवार को महेंद्रगढ़ जिला के पार्टी कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के लिए नारनौल आए थे। शनिवार को भी वह नारनौल के कार्यक्रम में उपस्थित थे।

इस दौरान रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म हाउस में जजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता होली कार्यक्रम रखा गया था। यहां जजपा लोकसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से पूछा कि अगर राव बहादुरसिंह का साथ दें तो वह टिकट के लिए आलाकमान के सामने ठोक कर पैरवी करने को तैयार हैं। इस पर वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकस्वर में राव बहादुरसिंह को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार बनाने की मांग की।

इस अवसर पर जजपा लोकसभा प्रभारी फौगाट ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं के बीच ही कोई ऐसा कार्यकर्ता सामने आएगा, जो विधानसभा में पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ेगा। आप और हम सभी साधारण परिवारों से हैं। जजपा पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देती है। आपको एक बात ओर बता दूं माहौल आपके जिला से ही बनेगा। राव बहादुरसिंह के ही प्रयास से जिला ही नहीं, बल्कि दक्षिणी हरियाणा को शिक्षा का हब बनाने का काम हुआ है। दादरी में ही ऐसे 100 लोगों को वह जानते हैं, जो अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए यहां शिफ्ट हो गए। यह जिले का हीरा है। इसकी परख जिला के सभी लोगों को करनी होगी। आप इज्जत रखोगे तो बेहतर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं, वह आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीताने की जिम्मेवारी, चुनाव जीतने का प्रयास सभी कार्यकर्ता मिलकर करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाल ही में कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह ने कहा कि पार्टी में वह आम कार्यकर्ता की हैसियत से आए हैं। पार्टी जो भी जिम्मेवारी उन्हें सौंपेगी, प्रयास रहेगा कि उस पर पूरी तरह खरा उतरा जा सके। उन्होंने कहा कि इसी परिवार ने उन्हें विधायक बनाया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इन 10 साल के कार्यकाल में लोकसभा में कोई बड़ा प्रोजेक्ट तो दूर की बात, धर्मबीर सिंह यहां का सांसद होने के नाते 10 साल में 10 कार्य भी ठीक प्रकार से नहीं करवा सके और इस जिले के लोगों से वह विकास के नाम पर वोट भी नहीं मांग सकते, क्योंकि इन दस सालों में यह पूरा संसदीय क्षेत्र विकास के मामले में औरज्यादा पिछड़ गया है। इस स्थिति को जनता जरूर भांप रही है और इसका जवाब देने का जनता के पास अब उचित मौका आ गया है। वोट की ताकत से जनता अपनी की गई उपेक्षा का जवाब दे सकती है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से ही इलाके के हक की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं और कभी भी वह यहां के मुद्दों से पीछे नहीं हटे। चाहे वह विकास का मामला हो या फिर नहरी पानी के समान बंटवारे का मामला हो। उन्होंने हमेशा यहां के जनता के हितों के लिए आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि अब यहां की जनता के पास ऐसा मौका आ गया, जब वह सत्ता में रहे नेताओं से यहां करवाए गए विकास कार्यों का हिसाब मांग सकती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने यहां के लोगों खासकर युवाओं को उच्च पदों जाने का अवसर प्रदान किया है। पहले यहां के नौजवान महज सिपाही या फौज की नौकरी करने तक ही सीमित रहते थे, लेकिन उन्होंने यहां के युवाओं को डाक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस आदि बनना सिखाया है और यह प्रयास वह आगे भी जारी रखेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। हर बूथ पर यूथ टीम सक्रियता से अपनी भूमिका निभा रही है। पार्टी आलाकमान किसे भी उम्मीदवार बनाएं, हमारे जिला से वह जीतकर आगे निकलेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान, अभिमन्यु राव, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, राव रमेश पालड़ी, अमरसिंह ब्रह्मचारी, राव सुरेश शास्त्री, सिकंदर गहली, युद्धवीर पालड़ी, सुविधा शास्त्री, भोजराज यादव, विरेंद्र बनिहाड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, रविंद्र गागड़वास, राजकुमार खातोद, संजीव तंवर, महेंद्र बडेसरा, विजयपाल एडवोकेट, सुरेंद्र ढिल्लो एडवोकेट, महाराम गुर्जर, बजरंग लाल अग्रवाल, बिल्लू चेयरमैन, बेदू राता, प्रमोद ताखर, विजय छिलरो, हरफूल मैनेजर, महेंद्र खन्ना, हजारी लाल लंबौरा, लक्की सरदार, विरेंद्र घाटासेर, धर्मबीर प्रधान, रोहतास रावत, संदीप भांखर, रामकुमार मकसूसपुर, विष्णु डाबड़ सरपंच, बबरूभान, बजरंग लाल, पवन राव, कुशल करीरा, मंजीत यादव, जिलेसिंह गुर्जर, लक्खा गुर्जर, डा. राजकुमार यादव, चैनसुख तोताहेड़ी, विक्रम नांगल सिरोही, प्रीतम टील्लू सरपंच, राजकुमार जांगड़ा, बहादुर नांगलिया, सुषमा यादव, मनदीप कौर, धीरज शर्मा, पारूल यशवंत राव, हरिओम मेई, विक्रम यादव, सुनील राव, हुकमसिंह, लक्खीराम सोनी, दयानंद यादव, विकास फौजदार, राजकुमार शोभापुर, कंवर सिंह जाखड़, राकेश अकबरपुर, दिनेश खुडाना, माडूराम, इंद्रपाल बोचड़िया, सरपंच लीलाराम, केशव वर्मा, दीपक यादव, बजरंग गुर्जर, शेरू चौधरी, बलवान ग्रेवाल, कुणाल शुक्ला, प्रवीण, जयसिंह जैलाफ, प्रदीप यादव, कौशल किशोर एवं दीपक नांगल सिरोही समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पत्रकारिता के स्तर में काफी गिरावट आ गई : एसवाई कुरैशी

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** खोज व शोध आधारित पत्रकारिता के क्षेत्र में 50 साल पूरे कर चुके पत्रकार पवन कुमार बंसल के सम्मान में मानव आवाज संस्था की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पूर्व सेना अध्यक्ष दलबीर सुहाग, भारत के पूर्व चुनाव आयुक्त एस.वाई कुरैशी, हरियाणा के पूर्व सूचना आयुक्त हेमंत अत्री समेत कई अतिथियों ने शिरकत की। इस सम्मान समारोह का आयोजन सेक्टर-43 स्थित एक्सेलसियर अमेरिकन स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने पवन कुमार बंसल को सम्मानित करके समाज में हरेक पत्रकार को उनके जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह समारोह इसलिए किया गया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में पवन कुमार बंसल ने निष्पक्ष होने के साथ निर्भीकता से काम किया है। उन्होंने बताया है कि कैसे पत्रकारिता भी समाज के विकास में अपनी भूमिका निभा सकती है। कैसे पत्रकार समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। पवन कुमार बंसल ने अपने जीवन में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता को हमेशा जिंदा रखा।

**अभी तक ईडी की रेड क्यों नहीं पड़ी**

पूर्व चुनाव आयुक्त एस.वाई कुरैशी ने अपने जीवन के अनुभव सांझा किया। उन्होंने पत्रकार पवन बंसल को 50 साल पत्रकारिता में पूरे होने की बधाई देते हुए कहा कि उनकी निर्भीक और निडर होकर पत्रकारिता करना ही असली पत्रकारिता है। अब निष्पक्ष पत्रकार कम ही रह गए हैं।

पत्रकारिता के स्तर में काफी गिरावट आ गई है। उन्होंने बेबाक होकर कहा कि वे हैरान हैं कि निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता करने वाले पत्रकार पवन बंसल के यहां अभी तक ईडी की रेड क्यों नहीं पड़ी। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कुरैशी ने कहा कि आईबी ने रिपोर्ट दे दी होगी की इस फकीर के घर क्या मिलेगा ? उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की हमेशा ही देश के विकास में भूमिका निभाती है। नवोदित पत्रकारों को पवन बंसल जैसे वरिष्ठ पत्रकार के जीवन और उनकी पत्रकारिता से शिक्षा लेनी चाहिए।



**बंसल की पत्रकारिता हमेशा निर्भीक रही**

पूर्व आर्मी चीफ दलबीर सिंह सुहाग ने कहा कि पत्रकार पवन बंसल की पत्रकारिता हमेशा ही निर्भीक रही। इनके जीवन से हर किसी को शिक्षा लेनी चाहिए। पत्रकारिता मिशन को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने अनेकों सर्जिकल स्ट्राइक की हैं। म्यांमार में भी की। हमें पूरी कामयाबी मिली। पाकिस्तान में भी की और कामयाब होकर लौटे। बिना किसी कैजुअलिटी के अपने मकसद को पूरा किया। यह बताने का मतलब है कि हमारी भारतीय सेना किसी से कम नहीं है। पूरी तरह से परिपक्व और जिम्मेदारी से काम करने वाली हमारी सेना है। देश को अपने हर सैनिक पर गर्व होना चाहिए।

**पत्रकारिता से सत्ता से टकराव किया**

पूर्व सूचना आयुक्त हेमंत अत्री ने कहा कि शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि निर्भीक पत्रकारिता ने हमेशा नए आयाम स्थापित किए हैं। आजादी आंदोलन में निर्भीक पत्रकारों ने ही ऐसी पत्रकारिता से सत्ता से टकराव किया। उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने 17 साल की उम्र में पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने जांबाजी का परिचय दिया। शहीद भगत सिंह ने अपनी लेखनी से भारतीयों को जगाने का काम किया था। मंडलायुक्त आरसी बिढान ने पवन बंसल को पत्रकारिता में 50 साल पूरे करने की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना की।

**पत्रकारिता विश्वविद्यालय स्थापित करेंगे**

वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्यागी ने वर्तमान समय में पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला।

वरिष्ठ पत्रकार पवन बंसल ने कहा कि पत्रकारिता में वे अपने गुरु प्रभाष जोशी की स्मृति में हरियाणा में खोजी पत्रकारिता सिखाने के लिए पत्रकारिता विश्वविद्यालय स्थापित करेंगे। एक खोजी पत्रकार के नाते हरियाणा में 50 वर्ष पूरे होने पर मानव आवाज संस्था गुरुग्राम द्वारा आयोजित गोल्डन जुबली समारोह में आए लोगों से उत्साहित होकर उक्त निर्णय लिया। पवन कुमार बंसल को विदेशों से भी बधाई संदेश पहुंचे। कनाडा से कैनेडियन हरियाणवी एसोसिएशन के अध्यक्ष आजाद कौशिक भी समारोह में पहुंचे। उन्हें सम्मानित किया गया।

# आपसी वैरभाव भुलाकर भाईचारे से मनाएं होली का त्यौहार : कृष्णपाल गुर्जर

## दीपक डागर के संयोजन में आयोजित होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसमूह

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग, कैल गांव स्थित भाजपा कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में निवर्तमान केंद्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर दीपक डागर के संयोजन में पृथला क्षेत्र की छतीस बिरादरी के मौजिज लोगों ने बड़ी माला पहनाकर और सम्मानरूपी पगड़ी बांधकर कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य ने दीपक डागर को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली के रंगों की तरह आप सभी का जीवन भी खुशियों से भरा रहे और सभी वैरभाव भुलाकर हंसी-खुशी इस त्यौहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि देश में होली का रंग और चुनावों का रंग दोनों ही चल रहा है, होली का रंग हम 25 मार्च को खेलेंगे, जबकि देश के सबसे बड़े लोकतंत्र का पर्व 25 मई को होगा। श्री गुर्जर ने कहा कि देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी लोग यह कहने



लगे है कि भारत में तीसरी बार फिर से मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और उन्हें बुलाने के लिए तारीखें मांग रहे है। जो भरोसा प्रधानमंत्री मोदी ने हासिल किया है, वह ऐसे ही हासिल नहीं होता बल्कि पिछले दस वर्षों के दौरान जनता के किए हर वायदे को पूरा करके उन्होंने यह जतला दिया कि वह सबसे अलग क्यों है। कृष्णपाल गुर्जर ने मंच से ग्रीन एक्सप्रेसवे से मोहना उतार-चढ़ाव के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि सरकार जनहित में फैसला लेगी और मोहना से उतार-चढ़ाव अवश्य मिलेगा। इस मुद्दे को सर्वप्रथम दीपक डागर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर इस प्रकार से उठाया है, उन्हें विश्वास है कि इस मामले में फैसला बेहतर ही आएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता दीपक डागर ने कार्यक्रम में पृथला क्षेत्र के 104 गांवों से आए मौजिज सरदारी का आभार जताते हुए कहा कि इस बार होली के पर्व पर हम सभी को अबकि बार 400 पार के नारे को सार्थक करने के लिए संकल्प लेना है और भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को दस लाख वोटों के अंतर से जिताकर देश की संसद में भेजना है। उन्होंने मंच पर उपस्थित कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उनकी जीत की हैट्रिक में सबसे ज्यादा समर्थन पृथला विधानसभा क्षेत्र के लोगों का होगा। कार्यक्रम में राजू तेवतिया एंड आजाद मडौली मंडली ने होली से ओत-प्रोत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, जितेंद्र आर्य सरपंच मोहना, मांगेराम कटारिया सरपंच पृथला, करण सरपंच हरफली, जुरूद्दीन सरपंच, रामकुमार सरपंच नरियाला, कैली, कल्लू सरपंच, शमशेर रावत भनकपुर, दौलती सरपंच, हरिराम पीटीआई जाजरू, भवीचंद पूर्व सरपंच, नीरज सरपंच गदपुरी, गुरदत्त सरपंच सिकरौना, नरेंद्र चेयरमैन, सूरजपाल भूरा, पवन रावत, राजू सोलंकी, हरेंद्र भड़ाना, तीनों मंडल अध्यक्ष पवन चौधरी, भूपेंद्र रावत, हरीश धनखड़, सतीश फौगाट, धरमू फौगाट, संजय डिंडे, राजेंद्र पूर्व सरपंच सहराला, परमवीर रावत, हरिराम मास्टर जी, सुरेन महाशयर, राजपाल, धर्मेन्द्र बडगुर्जर सागरपुर, सतवीर पूर्व सरपंच सहित पूरे क्षेत्र की तमाम सरदारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# असामाजिक ताकतों का मिलकर सामना करने की जरूरत : लखन सिंगला

## होली मिलन समारोह में पहुंचे कांग्रेसी नेता का अग्रबुंधओं ने किया जोरदार स्वागत

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा है कि होली रंगों का त्यौहार होता है इसलिए इस त्यौहार को पुराने सभी वैरभाव भुलाकर भाईचारे व एकता के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक ताकतें धर्म व सम्प्रदाय के नाम पर देश को बांटना चाहती है, हम सभी को ऐसी समाज विरोधी ताकतों का मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए और भाईचारे व एकता के साथ रहना चाहिए। श्री सिंगला सेक्टर-19 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा पूरन एंक्लेव तथा अग्रवाल धर्मशाला सोसायटी ओल्ड फरीदाबाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रबंध समिति के सदस्यों ने लखन सिंगला का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत



किया। लोगों को संबोधित करते हुए लखन सिंगला ने कहा कि देश व समाज निर्माण में अग्रवाल समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, लेकिन जो भाजपा नेता अग्रवाल समाज को लेकर तीखा-टिप्पणी कर रहे है, ऐसे लोगों को आने वाले समय में सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने अग्र बंधुओं से एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि सभी मिलकर रहे ताकि सामाजिक बुराईयों का एकजुटता से सामना किया जा सके। इस अवसर पर जयप्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष सुभाष चंद गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, महासचिव महेश सिंघल, कोषाध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, लक्ष्मण गोयल, सतीश सिंघल,, रविन्द्र गोयल, दीपक गोयल, अनिल गुप्ता चांदीवाले, रामभरोसे गर्ग, दिनेश जिंदल, उमेश कुमार गोयल, रामकुमार गोयल, अनूप गर्ग, अविनाश गुप्ता, राम अवतार, विष्णु गोयल, विनित गर्ग, मुकेश बंसल, प्रवीण गर्ग, सुगनचंद जैन, मनोज अग्रवाल, अजय कुमार जैन सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# होली पर रंगों का करें संभल कर इस्तेमाल : डॉ. सोनाली गुप्ता

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** होली पर केमिकल रंग आपके त्योहार के रंग में भंग मिला सकते हैं। इसलिए, रंगों का इस्तेमाल थोड़ा संभल कर करें। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल की वरिष्ठ स्किन रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनाली गुप्ता का। डॉ. सोनाली गुप्ता ने बताया कि होली पर लोग एक दूसरे को चेहरे पर रंग लगाते हैं, इस दौरान आंखों को नुकसान पहुंचने की आशंका होती है। ऐसे में आंखों व त्वचा को बचाने की



जरूरत है। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग सुखे रंगों के साथ गीले रंगों से होली खेलते है। ऐसे में पानी में भीगने से बचना चाहिए। क्योंकि गीले रंग खेलने के दौरान आंखों में रंग गया तो आंखों में जलन आदि की समस्या हो सकती है। इसके अलावा बच्चों को रंग भरकर गुब्बारा मारने से भी मना करना चाहिए, रासायनिक रंगों से होली ने खेले, इससे आंखों को खतरा होता है। उन्होंने कहा कि आंखों के साथ-साथ त्वचा पर भी होली के साइड इफेक्ट होते हैं, ऐसे में त्वचा को इससे बचाने के लिए उपाये करने चाहिए। सूखे रंगों को सूखे कपड़े से हटाए और सामान्य पानी से नहा लें। साबुन से रगड़ कर बार-बार रंग छुड़ाने की कोशिश ना करें। केरोसिन, पेट्रोल या स्पिरिट से रंग निकालने की कोशिश न करें।

एलोवेरा या नींबू के क्लींजर का इस्तेमाल करें या नारियल के तेल को रूई में लेकर लगाएं और पानी से धो लें। एक हफ्ते तक स्किन, पीलिंग, पॉलिशिंग, पार्लर फेशियल, ब्लीचिंग या हेयर कलर का उपयोग न करें। रंग खेलने के बाद नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें, गर्म पानी से रंग त्वचा पर चिपक जाता है।

# भाईचारे व एकता का प्रतीक होता है होली का त्यौहार : गौड़

## गौड़ के संयोजन में आयोजित होली मिलन समारोह में उमड़ जनसैलाब



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं. योगेश गौड़ एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुमित गौड़ के द्वारा सेक्टर-18 मार्किट हुडा ग्राउंड में सर्व समाज का होली मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा होली के रसिया का आयोजन किया गया वहीं सुप्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी व अन्य कवियों ने अपनी कविताओं से समां बांधा। कांग्रेसी नेता योगेश गौड़ और सुमित गौड़ ने कार्यक्रम में आने वाले नेताओं व गणमान्य लोगों का फूल बरसाकर एवं चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्वमंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्वमंत्री करण सिंह दलाल, विधायक नीरज शर्मा, जेपी नागर, यशपाल नागर, पूर्व विधायक ललित नागर, युवा कांग्रेसी नेता रिंकू चंदीला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेंद्र शर्मा, एडवोकेट संजीव चौधरी, पूर्व मेयर अत्तर सिंह भड़ाना, पूर्व डिप्टी मेयर बंसत विरमानी, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा, पूर्व पार्षद जगन डागर, रोहित सिंगला, अनिल शर्मा, कांग्रेसी नेता गिरीश भारद्वाज, मनोज अग्रवाल, कांग्रेसी नेता सतबीर डागर, आप पार्टी के नेता धर्मबीर भड़ाना, प्रवेश मेहता, रतन लाल शर्मा, संचित कोहली, वरिष्ठ एडवोकेट ओपी शर्मा, अधिवक्ता अनिल पाराशर, एडवोकेट वंदना जी, एडवोकेट अनुज शर्मा, एडवोकेट संदीप पाराशर, पूर्व चेयरमैन अब्दुल गफ्फार कुरैशी, किशन अत्री, इकबाल कुरैशी, साहिल भाई, जयदीप पाराशर, सीमा जैन, रेनू चौहान, वेदपाल दायमा, मनधीर मान, किशन ठाकुर, नरेश शर्मा, सरवन महेश्वरी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर सभी ने संयुक्त रूप से कहा कि लोगों को होली की त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार भाईचारे का त्यौहार है, जो हमारी भारतीय संस्कृति का दर्शाता है। होली के दिन हम सभी को अपने गिले-शिकवे खत्म करके एकता के साथ इस त्यौहार को मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में इस होली मिलन समारोह में एकत्रित हजारों लोगों की संख्या ने यह साबित कर दिया कि लोग उनसे कितना स्नेह करते है। इस भव्य कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और इस आयोजन का जमकर लुत्फ उठाया।

# भारत ने 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ कबड्डी में बनाया नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** विश्व कबड्डी दिवस के अवसर पर आज भारत ने 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर एक नया इतिहास रचा। कबड्डी खेल के क्षेत्र में यह नया इतिहास हरियाणा के पंचकूला जि़ला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में लिखा गया है। इस आयोजन में हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास प्रात: 11 बजे गिनीज टीम के निर्णायकों की उपस्थिति में आरंभ हुआ और तीन घंटे के लगातार खेल के बाद, दोपहर 2 बजे 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ पूरा हुआ। गिनीज निर्णायक, श्री स्वप्निल डांगरीकर ने इसकी घोषणा की। विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य इस वर्ष एक अनोखा आयोजन करना था, जिसके तहत कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सर्वाधिक खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया गया। गिनीज ने रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 84 खिलाड़ियों के लिए बेंचमार्क निर्धारित किया था, जबकि आयोजकों ने 154 खिलाड़ियों के साथ नया रिकॉर्ड बनाकर इस चुनौती को स्वीकार किया।

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय को गिनीज टीम द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसके उपरांत राज्यपाल ने हॉलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) की अध्यक्षा श्रीमती कांथी डी सुरेश और विश्व कबड्डी के अध्यक्ष श्री अशोक दास को यह प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र सौंपा।

श्री दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में हिपसा की अध्यक्षा सुश्री कांथी डी सुरेश के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत के लिए कबड्डी के महत्व और इसे ओलंपिक खेलों में शामिल करवाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

पंचकुला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में उत्साह से भरी दोनों टीमों- टीम अर्जुन और टीम अभिमन्यु ने संयुक्त रूप से नया विश्व रिकॉर्ड बनाकर भारत का गौरव बढ़ाया। गिनीज रिकॉर्ड के लिए तकनीकी नियम गिनीज टीम और विश्व कबड्डी के सदस्यों द्वारा मिलकर तैयार किए गए। मैच की समयावधि और एक मानक मैच में दुनिया भर में पालन किए जाने वाले नियमों का पालन किया गया।



गौरतलब है कि विश्व कबड्डी दिवस वर्ष 2019 से हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस भारत में मनाया गया और इसके लिए ताऊ देवी लाल स्टेडियम पंचकूला का चयन किया गया। हिपसा द्वारा विश्व कबड्डी नामक संगठन के साथ मिलकर इस वर्ष का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। भारत और विशेष रूप से हरियाणा को इस आयोजन के लिए चुनने का एक मुख्य कारण विश्व स्तर पर कबड्डी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विश्व कबड्डी के विभिन्न सदस्य देशों से आये विदेशी प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस कार्यक्रम में हरियाणा मानव संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. डी सुरेश भी उपस्थित रहे। हिपसा की अध्यक्ष सुश्री कांथी डी सुरेश ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह सभी के लिए गर्व का क्षण है। भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने का इच्छुक है, यह गिनीज रिकॉर्ड विश्व मानचित्र पर कबड्डी के खेल को लाने की एक पहल है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए समर्पण, तैयारी और दृढ़ता की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सबसे अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड आधिकारिक तौर पर पंचकूला में हिपसा और वर्ल्ड कबड्डी को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सचिव विश्व कबड्डी एसटी अरासू, उपायुक्त सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक, एसडीएम गौरव चौहान, सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, नायब तहसीलदार हरदेव सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विधायक राजेश नागर के घर मनाई होली

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर के भतौला स्थित निवास पर इस बार की होली कुछ खास रही। यहां केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने अचानक पहुंचकर विधायक राजेश नागर को होली की शुभकामनाएं दीं और उन्हें मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर गुर्जर ने बंचारी के प्रसिद्ध नगाड़े पर भी हाथ आजमाए और विधायक राजेश नागर को गले मिलकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर गुर्जर ने कहा कि वह अपने लोकप्रिय विधायक राजेश नागर के निवास पर उन्हें होली की शुभकामनाएं और आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं क्योंकि मोदी जी के दिल में देश बसता है और देशवासियों के दिल में मोदीजी बसते हैं। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह होली के पर्व को जनता को समर्पित करते आए हैं। इस अवसर पर सभी को आपस में



मिलकर सदभाव के साथ रहने का प्रण लेना चाहिए। होली का पर्व अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं। उनके राज में रामजी का मंदिर स्थापित हुआ है और रामराज की स्थापना हो रही है। देश की जनता उन्हें 400 पार सीटें देकर देश का नेतृत्व सौंपने जा रही है। हमारे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय राज्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद कृष्णपाल गुर्जर भी रिकॉर्ड मतों से जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार जून को एक बार फिर देश होली दीवाली साथ साथ मनाएगा। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड, मीडिया सलाहकार एवं प्रवक्ता राजीव जेटली, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सरदारी, पंच-सरपंच, जिला पार्षद, ब्लॉक मैंबर, भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में जुटे और विधायक राजेश नागर के साथ होली मनाई वहीं नगाड़े की धुन पर खूब नाचे।

# बच्चों को देश की कला व संस्कृति से भी अवगत कराएं: सुंदर लाल यादव

## अजूरे इंटरनेशनल प्री-स्कूल एंड डे-केयर के वार्षिक उत्सव में कही यह बात

समाचार गेट ब्यूरो


**गुरुग्राम।** अजूरे इंटरनेशनल प्री-स्कूल एंड डे-केयर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य, पंचायती राज बीजेपी हरियाणा प्रदेश समन्वयक कृषि आदान प्रकल्प हरियाणा के सह-संयोजक सुंदर लाल यादव मुख्य अतिथि, सरपंच धर्मवीर यादव व भाव्या विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। स्कूल की प्रिंसिपल पद्मा वर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।


मुख्य अतिथि सुंदर लाल यादव ने कहा कि स्कूल चाहे सरकारी हो या प्राइवेट। शिक्षकों की जिम्मेदारी





बनती है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनका जीवन संवारें। उन्हें ज्ञान देने के साथ अपनी संस्कृति के बारे में भी अवगत कराएं। पढ़ाई भले ही इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की हो, लेकिन अपने देश की कला, संस्कृति का बोध बच्चों को होना जरूरी है। इन्हीं से बच्चों का बौद्धिक विकास होगा तो बच्चे आगे चलकर अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनेंगे। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि शिक्षकों के कंधों पर बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी होती है। उन्हें खुशी है कि इस स्कूल के शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से निर्वहन कर रहे हैं। सरपंच धर्मवीर यादव ने कहा कि हमें बच्चों को ऐसे शिक्षित करना चाहिए कि वे आगे चलकर आत्मनिर्भर बन सकें। स्कूली शिक्षा एक नींव की तरह होती है। अच्छी शिक्षा स्कूल से ही मिल जाएगी तो बच्चों का बेहतर निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारने के लिए काम होते रहने चाहिए।

प्रिंसिपल पद्मा वर्मा ने कहा कि डेढ़ साल पुरानी उनकी कंपनी है। कंपनी ने पिछले वर्ष प्री-स्कूल की एक नई शाखा सेक्टर-83 में शुरू की है। निकट भविष्य में जरूरत के अनुसार नई शाखाएं खोली जाएंगी। इस अवसर पर डेढ़ से 4 साल के बच्चों ने एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीता। इस दौरान कम्युनिटी हेल्पर्स डे, फैंसी ड्रेस प्रतिस्पर्धा, हिंदी कविता पाठ प्रतिस्पर्धा आदि के विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए।


Since 1760
Lewis Berger
Paint your imagination
JSW
GOURAV GOYAL BUILDING
MATERIAL SANITARY AND H/W STORE
NANGLA ROAD BHADANA CHOWK
OPP. LOHIYA VATIKA FARIDABAD
121005
GOURAV GOYAL
9999207003


FUTURE CAR
DRIVE YOUR DREAMS
ROHIT VERMA
9891124671
PURCHASE
SALE
INSURANCE
EXCHANGE
FINANCE
NEAR RAMA DOORS,OPP CNG STATION
BYPASS ROAD,SECTOR-9 FARIDABAD


भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा
Reg.1995 ICTU
24 मार्च
अन्याय व अधर्म पर भक्ति व सत्य की जीत
का संदेश देने वाले पावन त्योहार
होलिका दहन
की सभी को
अनंत शुभकामनाएँ
आजाद सिंह मिरान
प्रदेश अध्यक्ष
मजदूर कार्यालय नजदीक शुभम् हॉस्पिटल सिवानी मंडी
8059206300


आप सभी को
होली
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री हरियाणा
राव इंद्रजीत सिंह
गुरूग्राम लोकसभा प्रत्याशी
चौधरी जाहिद हुसैन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा

# होली के त्यौहार को लेकर बाजार में उत्साह, ग्राहक जमकर कर रहे हैं खरीदारी

**पहली बार बाजार में आई इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी - कीमत 300 से 800 रुपये।**

**लोगों ने कहा- रंगों और पिचकारियों की कीमत में पिछले साल के मुकाबले नहीं हुआ इजाफा।**

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। रंगों और भाईचारे के त्यौहार होली को लेकर बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है । लोग अपने बच्चों के लिए होली की पिचकरिया और रंग खरीदने के अलावा विभिन्न प्रकार की सर पर पहनने वाली विग खरीद रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस बार पिछले साल के अनुसार ही कीमत देखने को मिल रही है वहीं दुकानदारों ने बताया कि इस बार भगवा रंग की ज्यादा डिमांड हो रही है और इसके अलावा इस बार पहली बार इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जिसकी कीमत





300 से लेकर 800 रुपए तक है ।

बल्लभगढ़ के बाजारों में विभिन्न रंगों से सजी दुकान में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है ।अभिभावक अपने बच्चों के लिए इन दुकानों पर खरीदारी करते नजर आए । अभिभावकों ने बताया कि वह अपने बच्चों के लिए पिचकरिया और रंग खरीदने आए हैं और इस बार पिछले साल के मुकाबले ही कीमतें है और उसमें कोई इजाफा नहीं हुआ है । लोग अपनी मनपसंद की रंगीन टोपिया खरीद रहे हैं वही सर पर लगाने वाली रंगबिरंगी विग भी बच्चों को खूब आकर्षित कर रही है।

क्या कहते हैं खरीददार

होली के रंग-बिरंगे रंग और पिचकरिया बेचने वाले दुकानदार यशपाल ने बताया की वह पिछले 26 साल से रंग बेचने का काम कर रहे हैं और हर साल 15 से 20% की सेल बढ़ रही है क्योंकि हर साल नई आइटम बाजार में इंट्रोड्यूस होती है। इस बार इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी बाजार में पहली बार आई है जिसकी कीमत 300 से लेकर 800 है । दुकानदार ने बताया कि इस पिचकारी से एक ड्रम रंग लगातार फेंका जा सकता है। दुकानदार ने बताया कि पहले गुलाल खरीदा जाता था फिर उसके बाद हर्बल रंग आने शुरू हुए और फिर अब उसके बाद ऑर्गेनिक रंगों ने मार्केट में अपनी पकड़ बना ली । लेकिन अब रंगों के अलावा रंग-बिरंगे मास्क, नकली मूंछ और रंग विग तथा टी-शर्ट जैसी चीज भी ग्राहकों द्वारा बढ़-चढ़कर खरीदी जा रही हैं ।

## पेज 1 शेष

### कांग्रेस ने...

प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिलाध्यक्ष कमल यादव, नरेंद्र पटेल, जीएल शर्मा, गोपीचंद गहलौत, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर गर्व है। दस सालों में भारत ने विकास की एक नई छलांग लगाई है और दुनिया में मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है। देश के विकास के लिए 25 मई को हमें कमल का बटन दबाकर विकास की गति को और तेज करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में भ्रष्टाचार चरम पर था, खुद कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि एक रुपया केंद्र से भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे पहुंचते हैं और 85 पैसे जो विकास पर खर्च होने थे वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे। जबकि मोदी सरकार में पूरे पैसे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार गरीब लोगों की चिंता करने वाली सरकार है। भाजपा ने लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा है। श्री सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार को अगर किसी ने रोका है तो भाजपा की डबल इंजन सरकार ने रोका है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक का इलाज कराने की गारंटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले महिलाओं को दूर-दूर से सिर पर ढोकर पानी लाना पड़ता था। मोदी सरकार ने अलग मंत्रालय का गठन कर योजनाबद्ध तरीके हर घर नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का काम किया है। महिलाओं का जीवन सरल बनें, इसके लिए बहुत काम किए हैं। मोदी सरकार ने 10 सालों में गरीबों को पक्के मकान दिए। 11 करोड़ शौचालय बनाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।

कांग्रेस को घेरते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने सदा विकास के काम में बाधा उत्पन्न की है। कांग्रेस शासनकाल में गरीब व्यक्ति और गरीब हुआ। श्री सैनी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासनकाल में बच्चे की नौकरी लगवाने के लिए माता-पिता के जूते घिस जाते थे, फिर भी नौकरी नहीं लगती थी। हरियाणा में भाजपा सरकार ने बिना पर्ची- खर्ची के युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरी दी है। आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि ये लोग कट्टर ईमानदारी का चौला पहनकर लोगों के बीच अपने आपको ईमानदार बोलते थे, लेकिन भ्रष्टाचार में ये लोग आज जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि आम आदमी पार्टी पर हाथी के दांत दिखाने के और खाने के और वाली कहावत सटीक बैठती है।


पूर्व सीएम हुड्डा को घेरते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तंज कसते हुए कहा कि जनता अच्छी तरह से जानती है कि कांग्रेस के समय में कितनी नौकरियां मिली है और किस-किस तरीके से मिली है। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने 10 सालों में 68 हजार नौकरियां दी थी, लेकिन वे भी गलत नीति के कारण अटक गई जिसका खामियाजा युवाओं एवं उनके परिवार पर पड़ा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बिना पर्ची और बिना खर्ची के 1 लाख 32 हजार युवाओं को नौकरी दी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साढ़े नौ साल तक पारदर्शी सरकार दी और भाजपा सरकार की पारदर्शी नीतियों के कारण अब युवाओं को नौकरियों के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। कांग्रेस के समय बुजुर्गों की पेंशन एक हजार रुपये थी, लेकिन हमारी सरकार ने 3000 रुपये करके बुजुर्गों का मान बढ़ाया है।

नायब सैनी ने किसानों के नाम पर राजनीति करने वालों पर गरजते हुए कहा कि जो लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि एमएसपी बंद हो जाएगी वो लोग किसानों को गुमराह कर रहे हैं। मोदी सरकार ने 10 सालों में लगातार एमएसपी बढ़ाई है। हरियाणा में सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। कांग्रेस की सरकार राजस्थान में भी रही और पंजाब में थी, लेकिन कांग्रेस ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया। पंजाब में सिर्फ गेंहू और धान की फसल एमएसपी पर खरीदी गई। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का हित चाहती है और इसी के चलते किसान हितैषी नीतियां बनाई गई है। मोदी सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना ने किसानों को सुरक्षित किया है। किसानों की फसल खराब होने पर भाजपा ने 11 हजार करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को दिया है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादा किया उसे पूरा किया। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाई, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना और रामलला विराजमान हुए। प्रधानमंत्री मोदी दिन रात भारत के गौरव को आगे बढ़ाने काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों को विपक्ष के झूठे वादों से सचेत रहना है। आने वाली 25 मई को कमल का बटन दबाकर राव इंद्रजीत सिंह को जीताकर संसद में भेजना है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हरियाणा को अहम भूमिका निभानी है। विजय संकल्प रैली के संयोजक राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साधारण किसान परिवार में जन्म लिया और संघर्ष की बदौलत मुख्यमंत्री बने हैं। संजय सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल की सरकार ने मेवात में विकास की गंगा बहाई है। जो काम हमने सपने में भी नहीं सोचे थे वे काम भाजपा की सरकार में पूरे हो रहे हैं। रैली को संबोधित करते हुए स्वामी धर्मदेव ने कहा कि हरियाणा को नायब सैनी के रूप मे नायाब मुख्यमंत्री मिला है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी हरियाणा की बेहतरी के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। स्वामी धर्मदेव ने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में निश्चित तौर पर हरियाणा विकसित राज्य बनेगा।



**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र मे मुद्रित विज्ञापनो (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यो संबधी कोई दायित्व नही है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नही करता। पाठको से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनो पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यो की स्वय पुष्टि अवश्य कर ले।



















समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने अंतर-मंत्रालयी संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया

समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने नई दिल्ली में एक ब्लू इकोनॉमी पाथवेज स्टडी रिपोर्ट की स्थिति पर एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया।



इस कार्यशाला में विभिन्न संबंधित मंत्रालयों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वहां पर विश्व बैंक, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, नीति आयोग, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय जैसे विभिन्न संबंधित मंत्रालयों तथा राज्य और राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस कार्यशाला के दौरान, सभी मंत्रालयों ने मिलकर इस रिपोर्ट को तैयार करने में सहायता की।

भारत की एक अनूठी समुद्री स्थिति है। इसकी 7,517 किलोमीटर लंबी तटरेखा और दो मिलियन वर्ग किमी से अधिक का विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) सजीव और निर्जीव संसाधनों से समृद्ध है। तटीय अर्थव्यवस्था 4 मिलियन से अधिक मछुआरों और अन्य तटीय समुदायों का भी जीवनयापन करती है। इन विशाल समुद्री हितों के साथ, भारत में नीली अर्थव्यवस्था का देश की आर्थिक वृद्धि के साथ महत्वपूर्ण संबंध है। महासागर संसाधनों का कुशल एवं सतत उपयोग और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए रोजगार और सकल मूल्य संवर्धन में तेजी लाने के उद्देश्य से महासागर से संबंधित क्षमताओं एवं कौशल को बढ़ावा देना है।

जैसा कि भारत का लक्ष्य उच्च विकास वाली अर्थव्यवस्था बनना है तथा साथ ही साथ अपने तत्काल और विस्तारित पड़ोस में भू-सामरिक माहौल को आकार देने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाना है, ऐसा करने के लिए परिणामी समुद्री भूमिका निभाने की भारत की क्षमता एक महत्वपूर्ण कारक होगी। समुद्री संसाधनों (सजीव और निर्जीव) की क्षमता का पता नहीं लगाया गया है और इसकी अधिकतम क्षमता का दोहन नहीं किया गया है। यह क्षमता न केवल एक मजबूत समुद्री शक्ति से हासिल होगी, बल्कि यह एक मजबूत समुद्री अर्थव्यवस्था भी होगी, जो बंदरगाहों, तटीय बुनियादी ढांचे, शिपिंग, मछली पकड़ने, समुद्री व्यापार, अपतटीय ऊर्जा संसाधनों, पर्यटन, समुद्र के नीचे पाइपलाइनों, संचार केबलों, नवीकरणीय ऊर्जा और समुद्री तलीय संसाधनों पर टिकी होती है।

# राजस्व खुफिया निदेशालय ने लगभग 1.5 किलोग्राम से भी अधिक कोकीन की जब्त

समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नशीली दवाओं की तस्करी पर काबू पाने के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। आज, नई दिल्ली में लगभग 15 करोड़ रुपये की 1.59 किलोग्राम कोकीन को बरामद किया गया। यह गिरोह भारत-नेपाल सीमा के रास्ते अफ्रीका से भारत में नशीली दवाओं और साइकोट्रॉपिक पदार्थों (एनडीपीएस) की तस्करी में शामिल है। तस्करी के इस मामले में यह गिरोह अफ्रीकी देशों से सीधे या हवाई मार्ग से दुबई के रास्ते नेपाल के काठमांडू में ट्रॉली बैग में छिपाकर या शरीर में कैप्सूल डालकर प्रतिबंधित पदार्थ की तस्करी का काम करता था। इसके बाद इस गिरोह ने भारतीय



नागरिकों का इस्तेमाल किया जिन्होंने नई दिल्ली से काठमांडू के लिए उड़ान भरी, ताकि काठमांडू के विभिन्न होटलों सहित पूर्व-निर्धारित स्थानों से प्रतिबंधित सामग्री एकत्र की जा सके और फिर भारत-नेपाल सीमा के पार उसकी तस्करी की जा सके। इसके बाद संबंधित वाहक सड़क मार्ग या ट्रेन के जरिए इस खेप को नई दिल्ली ले आएगा।

1.59 किलोग्राम (कुल भार) के 92 कैप्सूलों में छिपाई गई इस बरामद कोकीन, जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, को जब्त कर लिया गया और संबंधित वाहक एवं प्राप्तकर्ता दोनों को ही नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।











